संक्षिप्त

जितेन्द्र शर्मा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

जितेन्द्र शर्मा

कोटपूतली, (निसं)। भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वरूप चक्रवर्ती ने क्षेत्र के ग्राम खेडकी वीरभान निवासी एड. जितेन्द्र शर्मा को यूनियन का राजस्थान प्रदशाध्यक्ष नियुक्त किया है।

मोहित आईआईटी-जेईई में चयनित

मोहित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामगढ़ झीडा की ढाणी निवासी मोहित यादव ने अपने प्रथम प्रयास में ही आईआईटी-जेईई के लिये चयनित होकर अपने क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया है। सामान्य कृषक परिवार से आने वाले मोहित ने 97.22 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओबीसी वर्ग में 12434 वीं रैंक प्राप्त की। उनके पिता अशोक कुमार यादव सामान्य कृषक एवं माता संतोष देवी गृहणी है।

बारदाना आने पर शुरू होगी खरीद

निवाई, (निसं)। क्रय विक्रय सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर जिंसो की खरीद शुरू कर दी गई है। समिति के प्रबन्धक हरिओम ने बताया कि क्रय केन्द्र निवाई, सिरस व पलेई पर खरीद शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि राजफैड से पर्याप्त मात्रा में बारदाना प्राप्त नहीं हुआ है जिससे जिंसो की खरीद बंद कर दी गई है। जैसे ही बारदाना उपलब्ध हो जाएगा खरीद वापस शुरू कर दी जाएगी। खरीद से पूर्व किसानों को पहले सूचना दी जाएगी।

परशुराम जयंती को लेकर बैठक आज

निवाई, (निसं)।भगवान परशुराम जयन्ती को लेकर सकल ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को सुबह 10 बजे बडी के मंदिर में आयोजित होगी। पं. रामफूल शर्मा ने बताया कि बैठक में ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं व भामाशाहों के सम्मान व परशुराम जंयती पर विशाल शोभायात्रा के आयोजन को लेकर चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार ग्रीष्मकालीन वेद पाठशाला शुरू करने, ब्राह्मण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग दिलाने, रोजगार के लिए युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने व समाज सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि गांव जेबाडिया में स्थित स्कूल के समीप बजरी भरकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी। पुलिस ने ट्रैक्टर को रूकवाया और मय बजरी के ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करके पुलिस थाने में खडा करवा दिया है। पुलिस ने अवैध बजरी खनन करने पर ट्रैक्टर के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बिजली सप्लाई आज रहेगी बाधित

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय 220 केवी जीएसएस से निकलने वाले 33 केवी फीडर पर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते रविवार को प्रातः 6.30 बजे से 10 बजे तक विधुत सप्लाई बाधित रहेगी। जिस कारण 33 केवी जीएसएस से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई उक्त समय के लिए बंद रहेगी। यह जानकारी कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार सैनी ने दी।

पिकअप में लगी आग, हादसा टला

करौली (निसं)। करौली. जिला मुख्यालय स्थित चटीकना मोहल्ले में बीडी के पत्ते भरके ले जा रही पिकअप में सडक पर विद्युत लाइन से छू जाने के कारण आग लग गई। हालांकि आसपास मौजूद लोगों द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लेने से बडा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार करौली के चटीकना मोहल्ले में बागुर वाली मस्जिद की गली में एक पिकअप बीड़ी के पत्ते भरकर ले जा रही थी। इस दौरान सड़क के ऊपर झूलती विद्युत लाइनों से छू जाने के कारण पिकअप में भरी बीड़ी के पत्तों के बोरे ने आग पकड़ली।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर चिकित्सकों व कार्मिकों का सम्मान

- कार्मिकों ने गोशाला में गोवंश को हरा चारा, गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया

शाहपुरा, (निसं)। शहर के श्री कृष्ण गौशाला अजीतगढ परिसर में शनिवार को गोशाला प्रबंधन कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक की अध्यक्षता व अजीतगढ ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र कृष्ण काला के आतिथ्य में विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बेजुबान पशुओं की बीमारियों से सुरक्षा और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए पशु चिकित्सा कार्मिकों, चिकित्सकों की भागीदारी सराहनीय है।

इससे पहले चिकित्सकों, कार्मिकों ने गोशाला के गौवंश को गुड, हरा चारा खिलाकर सेवा कार्य किया। वहीं गौ पूजन करके पशु चिकित्सा दिवस मनाया। कार्यक्रम में गोशाला प्रबंधन द्वारा ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेंद्र कृष्ण, दिवराला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी महरडा, एलएसए महेन्द्र सिंह शेखावत, प्रशांत दानोदिया, सीमा यादव, सुभाष चौधरी, रोहिताश योगी आदि को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने बताया कि प्रतिवर्ष 27 अप्रैल को विश्व पशु चिकित्सा दिवस यानी वर्ल्ड वेटरनरी डे मनाया जाता है। यह दिन पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्सा पेशे के योगदान देने वालों को सम्मानित करने और पशु स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व के बारे में जागरूकता बढाने के लिए समर्पित है। मुख्य अतिथि डॉ. काला ने कहा कि सरकार के द्वारा पशुओं के विभिन्न मौसम में टीकाकरण किया जाता है, उसके अतिरिक्त पशुओं के बीमार होने पर नजदीकी सब सेंटर, पशु चिकित्सालय में चिकित्सा कार्मिकों से परामर्श, चिकित्सा करवानी चाहिए। कार्यक्रम में गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा, सह व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद स्वामी, सचिव मूलशंकर शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमावत आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम में गोशाला प्रबंधन द्वारा ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेंद्र कृष्ण, दिवराला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी महरडा, एलएसए महेन्द्र सिंह शेखावत आदि को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

जूली आज विभिन्न गांवों में भाग लेंगे

अलवर, (निसं)। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली रविवार को ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम अनुसार जूली प्रातः 10 बजे माचडी, प्रातः 10-30 बजे अकबरपुर, प्रातः 11बजे महुआ खुर्द, दोपहर 12 बजे कारोली, सांय 4 बजे जाट बहरोड, सांय 5-30 बजे कारोली टपूकडा, सांय 6 बजे थडा भिवाडी और सारे 6-30 बजे भिवाडी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय की राजस्थान में 19 अप्रैल को प्रथम चरण व 26 अप्रैल को द्वितीय चरण में कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में जूली लगातार राजस्थान के दौरे पर रहे। जूली चुनावी बागडोर से कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने के बाद अब अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रूप में आमजन के विकास कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

वाहन स्वामी अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट 30 जून तक लगवाएं

अलवर, (निसं)। ऐसे वाहन जो 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत हैं और अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगे हुए नहीं है के वाहन स्वामी अविलम्ब निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अपने वाहन पर 30 जून तक अति सुरक्षा प्लेट लगवाएं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना एवं परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार 1 अप्रैल 2019 के पूर्व विनिर्मित वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिह्न सहित अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगाये जाने हेतु वाहन विनिर्माता एवं उनके द्वारा अधिकृत डीलर्स को प्राधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है जिसमें वाहन स्वामी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डीलर को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने पर अधिकृत डीलर द्वारा वाहन पर अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। अतः वाहन स्वामी 1 अप्रैल 2019 के पूर्व विनिर्मित वाहनों पर तीसरे रस्ट्रेशन चिह्न सहित अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट (एचएसआरपी) 30 जून 2024 तक लगवाएं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् बिना अति सुरक्षा रजिस्ट्रीकरण प्लेट संचालित पाये जाने वाले वाहनों के विरूद्ध मोटर अधिनियम 1988 की धारा 192 के तहत प्रथम अपराध पर 5 हजार रूपये जुमार्ना एवं अनुवर्ती अपराध पर 10 हजार रूपये के दंड से दंडित किया जाएगा।

महिला की संदिग्ध हालत में मौत

धौलपुर, (निसं)। शनिवार को धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में कैंथरी रिसोर्ट के पास एक मकान में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला तीन दिन पहले ही किराए पर रहने आई हुई थी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना को लेकर निहालगंज थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली थी कि कैंथरी रिसोर्ट के पीछे एक कॉलोनी में बने मकान के कमरे में महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मौके पर मौजूद मकान मालिक से पूछताछ करने पर पता चला कि महिला तीन दिन पहले ही एक व्यक्ति के साथ किराए पर रहने आई थी। महिला ने अपना नाम 45 वर्षीय राजवती पत्नी महेंद्र निवासी तोर और उसके साथ आए व्यक्ति को अपना पति बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह जब मकान मालिक ऊपर छत पर पहुंचे तो उन्हें कमरे में महिला मृत हालत में मिली और महिला के साथ मौजूद व्यक्ति गायब मिला। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। महिला के परिजनों की तलाश की जा रही है। जिनके आने के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल मृतका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

करौली(निसं)। शहर के वार्ड नं 37 में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय कल्लादह करौली में शनिवार को सहशैक्षिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रधान गंगाराम प्रजापत ने बताया कि सत्र 2023-24में वर्ष पर्यन्त सतत मूल्याकंन में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए मोहम्मद उजर खान,चित्रांकन में मुस्कान माली,अनुशासन प्रिय श्रेष्ठ विद्यार्थी सुहानी माली,सुलेख में रोशनी माली को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पेन एवं कॉपी देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन मे आदर्श बनने एवं परोपकार करने के साथ नियमित अध्ययन करके ही सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को परीक्षा से भयभीत नहीं होना चाहिए ये आपके लिए प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन कक्षा 5 प्रथम बोर्ड परीक्षा है जो 30 अप्रेल से 3 मई तक सम्पन्न होगी। 5वी कक्षा मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

21 दीप प्रज्जवलित कर परम सेवा मिशन का शुभारंभ

भरतपुर (निस)। संस्था मां माधुरी बृजवारिस सेवा सदन अपना घर के रजत जयंती वर्ष में परम सेवा मिशन व संस्था की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी, अपना घर भरतपुर कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय अपना घर सेवा समिति पदाधिकारियों द्वारा अपने दायित्व की शपथ ग्रहण की गई। परम सेवा मिशन का शुभारंभ मंच पर पदाधिकारियों एवं सेवा साथियों द्वारा 21 दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग राजस्थान सरकार रहे। इसके बाद आश्रम अध्यक्ष बबीता गुलाटी द्वारा भरतपुर आश्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि आश्रम में जिस दिन से प्रभुजी का प्रवेश होता है उसी दिन से पुर्नवास प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिससे प्रभुजनो को उनके घर भेजा जा सके। जिसकी सूचना आश्रम पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न माध्यमों से उनके परिजनों तक सूचना भिजवाई जाती है और प्रभुजनों का पुर्नवास कराया जाता है। संस्था द्वारा प्रभुजनों की हर आवश्यकता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है। जिसमे कैफेटेरिया में प्रभुजनों के द्वारा बताने पर 23 प्रकार का भोजन तैयार कराया जाता है। नगर निगम द्वारा दी गई गौशाला में गौमाताओं के हिसाब से ब्लॉक बनाए गए है जिनमें गौमाताएं रहती है, वहीं उन्होंने कहा कि आश्रम में फलैट तैयार कराए जा रहे है जिनमें प्रभुजनों की शादी कराकर उनको रहने के लिए दिए जाएंगे। राष्ट्रीय सचिव चंद्रशेखर गुप्ता ने राष्ट्रीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने देश भर में बने आश्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी आश्रमों में प्रभुजनों की हर आवश्यकता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है जिसमें प्रभुजनों की सेवा से लेकर आश्रमों आवश्यकतानुसार उपकरण आदि का भी ध्यान रखा जाता है। संरक्षक वीरपाल सिंह ने परम सेवा मिशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब प्रभुजनों की सेवा में और अधिक सुधार होगा जिससे प्रभुजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अपनाघर में किसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए ठाकुरजी को चिठ्ठी लिखी जाती है और विभिन्न मानव स्वरूप मे ठाकुरजी आकर आवश्यकता की पूर्ति की करते है। संस्थापिका डॉ. माधुरी भारद्वाज ने संस्था की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसके बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल ने संस्थागत दो साल के कार्यकाल को बहुत अच्छा बताते हुए कहा कि आगे भी आने वाले दो साल और अधिक अच्छे रहेंगे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बैठक में धन्यवाद दिया

टोंक, (निसं)। टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित लोगों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर और बूथ पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस संगठन से जुडे जनप्रतिनिधि गण को एक मीटिंग के रूप में धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर हरीश मीणा ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि जी मेहनत लगन से आप लोगों ने लोकसभा चुनाव में इस गर्मी में कार्य किया है इसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी और बूथ लेवल के पदाधिकारियों का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आप लोगों के सुख-दुख का भागीदार रहूंगा और आप लोगों के बीच में उपस्थित रहूंगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा दिनेश चौरसिया महावीर तोगडा सलीमुद्दीन खान इरशाद बेग कैलाशी देवी मीणा पंकज यादव मनिंदर बेरवा शंकर चौधरी प्रदीप माथुर कमलेश चावला जेबा खान एहसान बाबा सेवा दल अध्यक्ष अब्दुल खालीक उपसभापति बजरंग लाल वर्मा पार्षद शब्बीर यूसुफ इंजीनियर, ओसाफ खान मोह शाह आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि पार्षद मोहम्मद कमर मोहन मीणा, विक्रम गुजर आतिफ नकवी आतिफ नौकरी जसराम मीणा जगदीश बैरवा, शहज़ाद फिरोज नागोरी अब्दुल लतीफ मेव अरशद चिश्ती जावेद चिश्ती पार्षद अशरफ गुज जगदीश बेरवा इमरान पहलवान वीर प्रताप सिंह रामलाल सेलीवाल आकाश बेरवा मनिंदर बैरवा वार्ला उल्लाह बेग फूलजी हनुमान यादव शकील मियां मोहम्मद शकील राशन डीलर मोहनलाल चौधरी अब्दुल वाहिद शहजाद आबिद में बाबूलाल मीणा सुभाष मिश्रा इरशाद सेवा दल, दीपक चंदेल रहतुलाह आदि उपस्थित रहे।

व्यापारी से मारपीट मामला, नगर व्यापार महासंघ की बैठक आयोजित

- कार्यवाही नहीं होने पर एसपी-कलेक्टर को ज्ञापन देने का लिया निर्णय

कोटपूतली, (निसं)। विगत 25 अप्रैल गुरूवार को कस्बे के लम्बा बाजार स्थित एम.यु. सलैक्शन होम पर व्यापारी अशोक शर्मा व जितेन्द्र शर्मा के साथ हुई कथित मारपीट के प्रकरण में नगर व्यापार महासंघ की बैठक मैथली शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में सभी व्यापारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर महासंघ का प्रतिनिधि मंडल एसपी वंदिता राणा समेत पुलिस के उच्चाधिकारियों से मुलाकात करेगा। इस पर भी कार्यवाही नहीं होती है तो जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल से मुलाकात की जायेगी साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हडताल व आन्दोलन की रूपरेखा तय की जायेगी। बैठक में महासंघ के महामंत्री रमेश जिंदल, कार्यकारी महामंत्री जितेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज गोयल, किराना व्यापार समिति के अध्यक्ष हरिराम सैनी, वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार सिंह कसाना, दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष सुभाष दवा वाला, हार्डवेयर यूनियन के अध्यक्ष नवल खंडेलवाल, स्वर्णकार यूनियन के अध्यक्ष धर्मपाल सोनी, फुटवियर यूनियन के अध्यक्ष किशन लाल, फल-सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष रमेश सैनी, नृसिंहदास अग्रवाल, परिवादी घनश्याम शर्मा समेत अनेक व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

नगर व्यापार महासंघ की बैठक में अनेक व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश पर युवक से मारपीट

धौलपुर, (निसं)। पुरानी रंजिश को लेकर धौलपुर जिले के बसेडी थाना क्षेत्र के बाबू का पुरा गांव में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर गोली मार दी। मारपीट और गोली लगने से घायल हुए युवक को परिजनों ने बाडी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन गन शॉट जांघ में फंसा होने की वजह से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल धौलपुर के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में घायल का इलाज किया जा रहा है।जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराए गए 25 वर्षीय घायल धीरज पुत्र धांधू परमार निवासी बाबू का पुरा ने बताया कि शनिवार को वह गांव के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान पड़ोसी गांव के तीन युवक घात लगाकर पहुंच गए, जहां आरोपियों ने लाठी डंडों से जमीन पर पटक कर मारपीट कर दी। जिसके बाद जांघ में गोली मारकर आरोपी फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंच गए। जहां परिजनों ने घायल धीरज को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन गन शॉट जांघ में फंसा होने की वजह से डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल धौलपुर के लिए रेफर कर दिया।

सार-समाचार

गोपीनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार

शाहपुरा, (निसं)। समाजसेवी दिगराज सिंह शाहपुरा ने 24 कैरेट सोने को मिश्रत कर शाहपुरा के बाजार में स्थित प्राचीन गोपीनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया है। समाजसेवी के सहयोग से अब शाहपुरा के प्राचीन मंदिरों की तस्वीर बदल रही है। समाज सेवी ने इससे पूर्व भी गोपीनाथ मंदिर के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर का जीणोद्धार करवाया था। अब पाल के नृसिंह मंदिर व मंदिर परिसर की भी तस्वीर बदल गई है। इस मन्दिर का भी जीणोद्धार करवाया गया है। आपको बतादे कि दिगराज सिंह शाहपुरा ठिकाने के पूर्व महाराजा स्व.राव धीरसिंह शाहपुरा के पौत्र है। शाहपुरा के प्राचीन मन्दिरों का पुनः जीर्णोद्धार करवाने पर मंदिर कमेटी व श्रद्धालुओं ने समाजसेवी के प्रति आभार प्रकट किया है।

पुत्री के जन्मोत्सव पर कुंआ पूजन

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के गंगा कॉलोनी निवासी कैलाश सैनी कपडे वाले के परिवार ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का नारा चरितार्थ करते हुये पुत्री जन्मोत्सव पर कुंआ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर सतीश, राकेश व महेन्द्र ने पूरे रस्मों रिवाज से पुत्री जन्म पर नामकरण करवाकर कुंआ पूजन कार्यक्रम किया। बेटी के जन्म लेने पर पुरे परिवार में खुशी की लहर दौड गई।

महिलाओं ने संकट चौथ का व्रत किया

फुलेरा, (निसं)। कस्बे में शनिवार को महिलाओं ने दिनभर निराहार रहकर संकट चौथ का व्रत किया। इसके चलते अलसुबह स्नान कर पूजा अर्चना करते हुए चौथ माता की ज्योत जलाकर समूह के साथ भजन कीर्तन किया। साथ ही चौथ माता व गणेश महाराज की कहानी सुनकर अपने से बडी उम्र की महिलाओं के पांव छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वहीं चांद को अर्घ्य देकर अपना व्रत संपन्न किया।

धर्मपाल को अधिवक्ता बनने पर बधाई

पावटा, (निसं)। अभिभाषक संघ पावटा द्वारा धर्मपाल यादव को अधिवक्ता बनने पर माला व साफा पहनकर मिठाई खिलाकर कर सम्मान किया गया व उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश धानका, महामंत्री ओमप्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष अनिल यादव, संयुक्त सचिव दिनेश दायमा, पुस्तकालय अध्यक्ष मुकेश यादव, दिलीप सिंह शेखावत, अशोक सिंह गुर्जर, लोकेश शर्मा, नरेश यादव, मुकेश स्वामी, रघुवीर स्वामी, मेहर सिंह जाट, घनश्याम मीणा, रतिराम मीणा, गौरव शर्मा, सीताराम सैनी, अधिवक्ता गण व डीड राइटर बुधराम यादव, स्टांप वेंडर अध्यक्ष महेंद्र बोहरा, राजू जाट, सुल्तान यादव, हरिसिंह यादव, महेंद्र सिंघल, रामकृष्ण वर्मा, दिगंबर सैनी, सुरेश गुर्जर, सुरेश गुर्जर, उमेश जाट, सुभाष यादव, बनवारी लाल सेठिया सहित अनेक उपस्थित रहे।

जतिन मेघवाल का किया सम्मान

खैरथल, (निसं)। स्टार स्कूल खैरथल में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए जतिन मेघवाल का सम्मान किया गया। विद्यालय प्राचार्य तन्मय दास ने बताया किशनगढबास रोड पर स्थित स्टार पब्लिक स्कूल खैरथल प्रांगण में शनिवार को स्कूल चेयरमैन डॉ. दिनेश यादव के द्वारा यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में चयनित हुए जतिन कुमार मेघवाल आईएएस के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के अतिथि बी.एन अवस्थी रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी, निहाल सिंह, रणसिंह, एडवोकेट नवीन यादव रहे। इस मौके पर आईएएस जतिन कुमार को बधाई दी गई। इस दौरान विद्यालय की छात्रा नव्या चौहान ने आईएएस जतिन कुमार का साक्षात्कार किया जिसमे उन्होंने सभी प्रश्नों के जवाब दिए एवं छात्रा से प्रभावित होकर उन्हें शुभकामनाएँ दी। अन्य छात्र छात्राओं ने भी उनसे अनेक प्रश्न पूछे व प्रेरणा ली। इस मौके पर विधालय प्राचार्य तन्मय दास ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया एवं समस्त स्टाफ ने बधाईयाँ प्रेषित की।

डीपीडब्ल्यूएस टेस्ट सीरीज की शुरुआत

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला मोड स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 9 वीं, 10 वीं के छात्रों के लिए राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा व राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड की तैयारी एवं डीपीडब्ल्यूएस टेस्ट सीरीज टारगेट 2025-26 की शुरुआत की गई है। जिसका उद्देश्य छात्रों की उच्च शैक्षणिक प्रतिभा और असाधारण बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना है। प्रधानाध्यापिका बिंदु सांगवान ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के लिए बेहतर शिक्षण, संसाधन जरूरी है। उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं व 12वीं के लिए विद्यालय प्रबंधकों की ओर से आईआईटी जेईई/एनईईटी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग कक्षायें आरम्भ की गई है। सांगवान ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्रायें शहरी शिक्षा के तौर तरीकों से कम नहीं रहे। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए स्कूल में विशाल कैम्पस, पुस्तकालय, कम्प्यूटर, साइंस लैब, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल, स्केटिंग, क्रिकेट मैदान और ऑडियो विजुअल कक्ष सहित बच्चों की हर जरूरत के अनुसार यहां आधुनिक सुविधायें उपलब्ध है। ताकि यहां के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढकऱ देश व समाज का नाम रोशन कर सकें।

फ़ूड पॉइजिंग से 20 लोग बीमार

भरतपुर,(निस)। उद्योग नगर थाना इलाके में करीब 20 लोग फ़ूड पॉइजिंग को वजह से बीमार हो गए। बीमार लोगों को आरबीएम अस्पताल में लाया गया। कुछ लोगों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी लोगों ने शादी के घर में खाना खाया था। तब से उनकी तबियत बिगडी है। मरीजों ने बताया कि सांतरुक गांव में 25 अप्रैल को निशु नाम की लड़की की शादी थी। 24 अप्रैल को निशु के घर कडी चावल और पूरी बनी थी। निशु के परिजनों और आसपास के लोगों ने खाना खाया और सभी लोग घर चले गए। 25 अप्रैल को कुछ लोगों की तबियत खराब होने लगी। उन्होंने पहले तो मेडिकल की दुकान से दवा ले ली लेकिन, उनकी तबियत ठीक नहीं हुई। कल करीब 20 लोगों की तबियत ज्यादा बिगड़ गई। जिन्हें रारह के अस्पताल में भर्ती करवाया गया।